हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें

Web:- www.jokhimnews.com

सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 349 देहरादून रविवार 15 मार्च 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## किसान हमारे अन्नदाता और असली नायक हैं: मुख्यमंत्री धामी

**- पंतनगर में 119वें अखिल भारतीय किसान मेले का मुख्यमंत्री धामी ने किया शुभारम्भ**

**- प्रदेश के 9 लाख से अधिक किसानों को मिल रहा किसान सम्मान निधि का लाभ**

**- कृषि को जंगली जानवरों से बचाने के लिए केंद्र से 25 करोड़ की पहली किस्त जारी**

**- पॉलीहाउस, एरोमा वैली और ड्रैगन फ्रूट को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने पर जोर**



देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को पंतनगर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 119वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया और विश्वविद्यालय साहित्य का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मेले किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि यहां उन्हें नई तकनीक और नवाचारों की जानकारी मिलती है तथा वैज्ञानिकों से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने किसानों को देश के असली नायक बताते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण से ही गांव, क्षेत्र और देश का विकास संभव है।मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के 10 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है, जिसमें उत्तराखंड के 9 लाख से अधिक किसान शामिल हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की है। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान मानधन योजना, बागवानी विकास योजना, बूंद-बूंद सिंचाई योजना जैसी योजनाओं से सशक्त किया जा रहा है। प्रदेश सरकार किसानों को 3 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है और किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी गई है।मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने हेतु पॉलीहाउस लगाने के लिए 200 करोड़ की धनराशि रखी गई है, जिनमें से अब तक 115 करोड़ की लागत से 350 पॉलीहाउस स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए क्षेत्र विशेष के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। 1200 करोड़ की लागत से नई सेब नीति लागू की गई है और कई योजनाओं में 80 प्रतिशत तक राज्य सहायता दी जा रही है। प्रदेश में 7 एरोमा वैली विकसित की जा रही हैं, ड्रैगन फ्रूट उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है, फलों के उत्पादन में वृद्धि हुई है और मशरूम उत्पादन 27 हजार मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। शहद उत्पादन में भी राज्य देश में 8वें स्थान पर है।उन्होंने कहा कि हाल ही में पारित 1 लाख 11 हजार करोड़ के बजट में कृषि, उद्यान, एरोमैटिक, मत्स्य, मौन पालन और शोध के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने किसानों से जागरूक होकर नई कृषि तकनीक अपनाने की अपील की और कहा कि डबल इंजन सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखती है।कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि मेले में 350 से अधिक स्टॉल लगे हैं और प्रतिदिन लगभग 20 हजार लोग भाग ले रहे हैं।

## छात्रसंघ अध्यक्ष पर महाविद्यालय की अनदेखी के आरोप लगाए

देहरादून(संवाददाता)। एमपीजी छात्र संघ पदाधिकारियों ने कॉलेज परिसर में पत्रकारों से बातचीत में छात्र संघ अध्यक्ष प्रवेश पंवार के द्वारा लगाये गये आरोपों को नकारा है। उन्होंने कहा कि वह जब से छात्र संघ अध्यक्ष बने हैं तब से शहर की राजनीति करने का प्रयास कर रहे हैं व कालेज की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे।शनिवार को कालेज परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में उसके बाद से आज तक उन्होंने छात्र संघ की बैठक नहीं बुलाई।

## मसूरी के लिए मंत्री गणेश जोशी ने 15 साल में क्या किया बताएं: हरक सिंह

देहरादून(संवाददाता)। कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत ने उत्तराखंड सरकार की ओर से पेश किए गए बजट को निराशा जनक बताया। कहा कि भले ही एक लाख 11 करोड़ का बजट था जिसमें दस प्रतिशत भी विकास के लिए नहीं था। उन्होंने सवाल पूछा कि मसूरी के लिए मंत्री गणेश जोशी ने 15 साल में क्या किया बताएं मसूरी पहुंचे कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत ने कहा कि 90 प्रतिशत बजट नॉन प्लान पर खर्च होता है। दस प्रतिशत स्वास्थ्य, सड़क बिजली पानी, पांच दिन में बजट रखना गंभीरता नहीं है। उत्तर प्रदेश में एक महीना बजट सत्र चलता था। तीस से पैतीस विभाग ऐसे हैं जिन पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए थी। अगर खानापूर्ति होनी थी व ऐसे ही बजट पास होना था तो यह बेकार है। हर विभाग पर चर्चा होनी चाहिए थी। उन्होंने मसूरी विस सीट से चुनाव लड़ने पर कहा कि वह प्रदेश के कई विधानसभाओं में सक्रिय हैं, हर जगह जा रहे हैं, ऐसे में पार्टी जो आदेश करेगी उसका पालन किया जाएगा। आरोप गलाया कि मसूरी के मंत्री को अपने विभाग के बारे में ही पता नहीं है कि कितना अनाज होना है। कहा कि उन्हें कम से कम अनुमानित तो बोलना चाहिए था। पार्टी कहेगी तो मसूरी से लड़ूंगा। कहा कि यह सरकार खनन व भू माफियाओं की सरकार है। आरोप लगाया कि पचास प्रतिशत खुला कमीशन का खेल चल रहा है। बाहर के लोग यहां का सर नेम लगाकर वसूली कर रहे हैं। शराब, क्रशर में भारी घपला है। कहा कि इस बार प्रदेश में कांग्रेस की लहर चल रही है व 2027 में सरकार कांग्रेस की बनेगी। उन्होंने मसूरी में तहसील न बनने पर कहा कि मसूरी में तहसील न बनना सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। शिव मंदिर पर बैलीब्रिज अभी वैसा ही है जबकि दूसरा बनाया जाना चाहिए था। नया पुल कब बनेगा पता नहीं।

### संक्षिप्त समाचार...

**गौकशी की रेकी करने आया बदमाश दबोचा, तमंचा व कारतूस बरामद**

देहरादून(संवाददाता)। प्रेमनगर थाना पुलिस ने टी-स्टेट क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक शातिर बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने साथी के साथ क्षेत्र में गौकशी के लिए रेकी करने आया था। उप निरीक्षक सतेंद्र सिंह की टीम ने मोहनपुर चौराहे के पास संदिग्ध हालत में खड़े आमिर उर्फ कल्लू निवासी रुड़की को घेराबंदी कर पकड़ा, जबकि उसका साथी गुलबहार अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। तलाशी में आमिर के पास से 315 बोर का देसी तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वे पिछले 10 दिनों में टी-स्टेट इलाके में दो बार गौकशी की घटना को अंजाम दे चुके हैं और शुक्रवार रात भी रेकी करने आए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है और फरार साथी की तलाश जारी है।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया सीएम आवास कूच**

देहरादून(संवाददाता)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन उत्तराखंड ने प्रदेश अध्यक्ष रेखा नेगी के नेतृत्व में सीएम आवास कूच किया गया। रेखा नेगी ने बताया कि वह लंबे समय से मानदेय बढ़ाने, सेवानिवृत होने पर 10 लाख देने का जीओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बायोमेट्रिक मशीन से न जोड़ने आदि मांगों को लेकर परेड ग्राउंड से मुख्यमंत्री आवास कूच किया। इस दौरान सुषमा जोशी, सुमन, अनीता, अंजू व सुशीला आदि मौजूद रही।

# सम्पादकीय

## बालेन शाह होंगे नेपाल के प्रधानमंत्री

नेपाल में संसदीय चुनाव के प्रारंभिक परिणामों और रूझानों से स्पष्ट है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के मुखिया बालेंद्र शाह नेपाल के प्रधानमंत्री होंगे। इस चुनाव में नेपाल के मतदाताओं ने अदभुत परिपक्वता और परिवर्तन की मानसिकता का परिचय दिया है। बीत वर्ष की बात है कि नेपाल में जेनरेशन जेड के बेलगाम हिंसक आंदोलन ने ओली सरकार का तख्तापलट दिया था और देश की सियासी फिजा बदल दी थी। तब एक युवा चेहरा तेजी से परिदृश्य में उभरा था। यह चेहरा था बालेंद्र शाह या बालेन शाह का, जिन्हें बोलचाल में बालेन कहकर बुलाया जाता है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की स्थापना 21 जून, 2022 को पत्रकार रबी लामिछाने ने की थी। गत वर्ष बालेन को पीएम बनाने की मांग उठी थी, किंतु उन्होंने इसे कुबुल नहीं किया था। संप्रति, काठमांडू के महापौर बालेन के कक्ष में ग्रेटर नेपाल का नक्शा अभी भी लटका हुआ है।बालेन की उम्र ज्यादा नहीं है। यही कोई- पैंतीस वर्ष। उनका जन्म 27 अप्रैल, 1990 को हुआ। वह फिलवक्त राजधानी काठमांडू के महापौर हैं। सामान्यतः मेयर नगर निगमों के कामकाज में उलझे रहते हैं, लेकिन बालेन का पिंड अलग है। उन्होंने अपनी आक्रामक और तुर्श राजनीति से सारे देश का ध्यान आकृष्ट किया है और आंदोलन की धुरी बनकर उभरे हैं। सोशल मीडिया पर वह खासे लोकप्रिय हैं। उनके लाखों फालोअर्स हैं। नेपाली युवाओं के वह आईकॉन या रोल मॉडल हैं। यह अकारण नहीं है कि सन 2023 में ॔टाइम॔ ने उन्हें विश्व के 100 शीर्ष व्यक्तित्वों में शामिल किया। वह नेपाली रैपर, संगीतकार, इंजीनियर और राजनीतिज्ञ हैं। काठमांडू के महापौर चुने गये वह पहले निर्दलीय प्रत्याशी हैं और मुद्दों पर किसी भी अथार्टी से भिड़ने के मामले में उनका कोई सानी नहीं है।बालेन शाह काठमांडू के 15वें मेयर हैं। वह सन 2022 में ग्रीष्म में पांच वर्षों के लिए मेयर चुने गये थे। उन्होंने 10+2 की पढ़ाई बीएस निकेतन हायर सेकेंड्री स्कूल से की। हिमालयन व्हाइट हाउस इंटरनेशनल कालेज से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री के बाद उन्होंने भारत में कर्नाटक में स्थित विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से एमटेक किया। उनके पिता आयुर्वेद चिकित्सक थे, लेकिन बालेन का मन संगीत में रमा। इसमें उन्हें खासी कामयाबी मिली। वह काठमांडू के रैप मुकाबलों में सक्रिय रहे। अपने गीतों और अदाओं से वह युवा वर्ग में लोकप्रिय सितारा बनकर उभरे। यह लोकप्रियता उनका जंपिंग बोर्ड साबित हुई और अराजनीतिक पृष्ठभूमि के बावजूद वह बत्तीस की उम्र में काठमांडू के मेयर चुन लिए गये। दिलचस्प बात है कि वह संगीत की दुनिया में अभी भी सक्रिय हैं। मेयर चुने जाने तक वह नेपाली हिपहॉप उद्योग में एक दहाई बिता चुके थे। नेवार के मधेशी बौद्ध परिवार में जनमे बालेन की पत्नी सबीना काफले सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी हैं।बालेन के सुर्खियों में उभरने का क्रम उनके मेयर बनने के बाद शुरू हुआ। उन्होंने नागरिक सुविधाओं, कचरा निपटान और अतिक्रमण ध्वंस पर ध्यान केंद्रित किया। उनके एजेंडे में भ्रष्टाचार और अनियतिताओं का विरोध, बौद्ध स्थलों का विकास और बेहतर परिवहन तो शामिल है ही, वह वृहत्तर नेपाल के भी समर्थक हैं। वाम विचारों के बालेन के सन 2023 में अपने दफ्तर में ग्रेटर नेपाल का नक्शा टांगने पर व्यापक प्रतिक्रिया हुई थी। बेजा कब्जा हटाने के फेर में वह निजी व्यापारियों, उड्डयन अभिकरण और पुलिस प्रशासन से टकरा चुके हैं और अदालती झमेलों में भी उलझे, लेकिन उन्होंने घुटने नहीं टेके और फैसलों पर अडिग रहे। इससे उन्होंने लोकप्रियता बटोरी। उन्होंने अवैध निर्माणों को तो तोड़ा ही, पुलिस के अवैध सब-स्टेशनों को भी नहीं बख्शा। वह भारत के प्रति तल्ख हैं और पूर्वोत्तर भारत के भूभाग वापस नेपाल में चाहते हैं। एक दफा उन्होंने राजधानी की सीमा में भारतीय फिल्मों की स्क्रीनिंग पर प्रतिबंध लगा दिया था और फिल्म आदिपुरूष में ॔सीता भारत की बेटी है॔ लाइन हटाने की मांग की। इस पर उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल हुई और पाटन हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ अंतरिम आदेश जारी किया। अदालती आदेश की अवहेलना में बालेन ने उसके पालन से इंकार किया। अंततः सुप्रीम कोर्ट के दखल पर उन्होंने नरमी बरती, लेकिन अदालत और संघीय सरकार पर भारत के प्रभाव में होने का आरोप चस्पां किया। बालेन के नेपाल का प्रधानमंत्री होने का नेपाल की राजनीति में नये युग का प्रारंभ और चीन तथा भारत के लिये नये समीकरणों का जनक माना जा रहा है।

# तेल-गैस संकट के बीच सेंसेक्स का गिरना: क्या अर्थतंत्र में महासंकट के संकेत?

सौरभ वार्ष्णेय

वैश्विक अर्थव्यवस्था में जब भी ऊर्जा संकट गहराता है, उसका सीधा असर वित्तीय बाजारों और आम लोगों की जेब पर दिखाई देता है। हाल के दिनों में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी तथा आपूर्ति को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक गिरावट की ओर गया है। यह गिरावट केवल बाजार की सामान्य हलचल नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के सामने खड़े संभावित बड़े संकट का संकेत भी हो सकती है। वहीं जब मैं इस लेख को लिख रहा हूं तो सेंसेक्स और निफ्टी काफी हद तक गिर चुका है। ऐसे में सरकार के कहने के बावजूद जनमानस इस युद्ध के बीच ऊर्जा का भंडार भरकर रखना चाहता है, यह युद्ध क्या पटकथा लिखेगा कोई नहीं जानता क्योंकि रुस-युक्रेन युद्ध भी अभी तक समाप्त नहीं हुआ।भारत जैसे देश की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयातित तेल और गैस पर निर्भर है। जब वैश्विक स्तर पर तेल-गैस की कीमतें बढ़ती हैं या आपूर्ति बाधित होती है, तो उसका असर सीधे महंगाई, उत्पादन लागत और व्यापार संतुलन पर पड़ता है। उद्योगों की लागत बढ़ती है, परिवहन महंगा होता है और अंततः इसका बोझ आम उपभोक्ता तक पहुंचता है। निवेशकों को भी यह संकेत मिलता है कि आने वाले समय में कंपनियों के मुनाफे पर दबाव बढ़ सकता है।शेयर बाजार का गिरना इसी चिंता का प्रतिबिंब है। निवेशक भविष्य की आशंकाओं को देखते हुए बाजार से पैसा निकालने लगते हैं। विदेशी निवेशक भी जोखिम से बचने के लिए उभरते बाजारों से पूंजी निकालते हैं, जिससे बाजार में गिरावट और तेज हो जाती है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो इसका असर निवेश, रोजगार और आर्थिक विकास की गति पर पड़ सकता है।

ऊर्जा संकट का दूसरा पहलू राजकोषीय दबाव भी है। सरकार को महंगाई नियंत्रित करने के लिए करों में कटौती, सब्सिडी या अन्य राहत उपाय देने पड़ सकते हैं। इससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता है। साथ ही यदि आयात बिल बढ़ता है तो चालू खाते का घाटा भी बढ़ सकता है, जो आर्थिक स्थिरता के लिए चुनौती बन जाता है।

हालांकि यह भी सच है कि शेयर बाजार हमेशा दीर्घकालिक आर्थिक स्थिति का सटीक दर्पण नहीं होता। कई बार वैश्विक परिस्थितियों, भू-राजनीतिक तनाव या निवेशकों की मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया से भी बाजार अचानक गिर सकता है। इसलिए सेंसेक्स की गिरावट को तुरंत ॔महा संकट॔ मान लेना भी उचित नहीं होगा। लेकिन इसे एक चेतावनी संकेत जरूर माना जाना चाहिए।ऐसे समय में सरकार और नीति-निर्माताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने की है। देश को तेल-गैस के आयात पर निर्भरता कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और रणनीतिक भंडार बढ़ाने जैसी नीतियों पर तेजी से काम करना होगा। साथ ही आर्थिक सुधारों और निवेश को बढ़ावा देकर बाजार का भरोसा बनाए रखना भी जरूरी है।अंततः कहा जा सकता है कि तेल-गैस संकट के बीच सेंसेक्स की गिरावट केवल बाजार की घटना नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था के सामने खड़ी चुनौतियों की याद दिलाती है। यदि समय रहते ठोस कदम उठाए जाएं तो यह संकट अवसर में भी बदल सकता है, लेकिन अगर इसे नजरअंदाज किया गया तो इसके गंभीर आर्थिक परिणाम सामने आ सकते हैं।निवेशक दोहरी दुविधा में।वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिस्थितियों के बीच आज निवेशक एक कठिन दौर से गुजर रहा है। बाजार में अनिश्चितता, अंतरराष्ट्रीय तनाव और महंगाई के दबाव ने निवेशकों को दोहरी दुविधा में डाल दिया है। एक ओर शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव है, वहीं दूसरी ओर सुरक्षित निवेश विकल्प भी अपेक्षित रिटर्न नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि निवेशक अपने धन को कहाँ और कैसे सुरक्षित रखें।हाल के समय में वैश्विक स्तर पर कई घटनाएँ आर्थिक बाजारों को प्रभावित कर रही हैं। तेल-गैस की कीमतों में अस्थिरता, अंतरराष्ट्रीय संघर्ष और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की नीतियों में बदलाव का असर भारत सहित दुनिया के शेयर बाजारों पर दिखाई दे रहा है। जब भी वैश्विक स्तर पर संकट गहराता है, निवेशक जोखिम से बचने के लिए सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख करते हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति में सुरक्षित निवेश भी बहुत आकर्षक नहीं दिख रहा।दूसरी ओर घरेलू स्तर पर भी निवेशकों के सामने कई सवाल खड़े हैं। महंगाई की दर में उतार-चढ़ाव, ब्याज दरों की अनिश्चितता और कंपनियों के भविष्य को लेकर आशंकाएँ निवेशकों को निर्णय लेने में कठिनाई पैदा कर रही हैं। शेयर बाजार में निवेश करने पर जोखिम अधिक है, जबकि बैंक जमा या अन्य सुरक्षित विकल्पों में रिटर्न सीमित है। यही कारण है कि निवेशक समझ नहीं पा रहे कि जोखिम उठाकर बाजार में बने रहें या सुरक्षित विकल्पों में पैसा लगाएँ।निवेशकों की यह दुविधा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक भी है। बाजार की अस्थिरता के कारण कई छोटे निवेशक घबराकर अपने निवेश को निकाल लेते हैं, जिससे बाजार में और अधिक गिरावट देखने को मिलती है। वहीं कुछ अनुभवी निवेशक इसे अवसर के रूप में देखते हैं और गिरते बाजार में निवेश बढ़ाते हैं।ऐसी स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण है संतुलित और दीर्घकालिक दृष्टिकोण। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशकों को घबराहट में निर्णय लेने के बजाय अपने निवेश को विविध क्षेत्रों में बांटना चाहिए और लंबी अवधि की रणनीति अपनानी चाहिए। इससे जोखिम कम किया जा सकता है और बाजार की अस्थिरता का प्रभाव भी सीमित किया जा सकता है।सरकार और नियामक संस्थाओं की भी जिम्मेदारी है कि वे आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएँ। पारदर्शी नीतियाँ, निवेश के अनुकूल वातावरण और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर निवेशकों का भरोसा मजबूत किया जा सकता है।यह कहा जा सकता है कि वर्तमान समय निवेशकों के लिए परीक्षा का दौर है। दोहरी दुविधा के बीच सही निर्णय वही होगा जो धैर्य, समझ और दीर्घकालिक सोच पर आधारित हो। अगर निवेशक संतुलित रणनीति अपनाते हैं, तो अस्थिर बाजार भी भविष्य के अवसरों में बदल सकता है।तेल-गैस संकट से कैसे मिले निजात?विश्व राजनीति और ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितता ने एक बार फिर तेल-गैस संकट की आशंका को गहरा कर दिया है। मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव, आपूर्ति में रुकावट और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देश पर पड़ता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए जब भी वैश्विक स्तर पर संकट पैदा होता है, उसका दबाव देश की अर्थव्यवस्था, उद्योग और आम उपभोक्ता पर साफ दिखाई देता है।तेल और गैस केवल ईंधन नहीं, बल्कि आधुनिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। परिवहन, बिजली उत्पादन, उद्योग और घरेलू उपयोग॔हर क्षेत्र इन पर निर्भर है। जब इनकी कीमतें बढ़ती हैं या आपूर्ति कम होती है, तो महंगाई बढ़ती है, उत्पादन लागत बढ़ती है और आर्थिक विकास की गति भी प्रभावित होती है। इसलिए यह केवल ऊर्जा संकट नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक चुनौती भी बन जाता है।इस संकट से निपटने के लिए सरकार को बहुस्तरीय रणनीति अपनानी होगी। सबसे पहले, ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण जरूरी है। भारत को केवल कुछ सीमित देशों पर निर्भर रहने के बजाय अलग-अलग क्षेत्रों से तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। दीर्घकालिक समझौते और रणनीतिक भंडारण भी आपूर्ति सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं।दूसरा महत्वपूर्ण कदम वैकल्पिक और नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे स्रोत भविष्य में तेल-गैस पर निर्भरता कम कर सकते हैं। भारत ने इस दिशा में कुछ कदम उठाए हैं, लेकिन इसे और तेजी से बढ़ाने की आवश्यकता है।तीसरा, ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना भी जरूरी है। उद्योगों, वाहनों और घरेलू उपयोग में ऊर्जा की बचत से खपत कम की जा सकती है।

हिन्दी दैनिक जोखिम

संक्षिप्त समाचार...

## केंद्रीय नेताओं की गिरफ्तारी पर उक्रांद का प्रदर्शन

रुड़की(संवाददाता)। उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) के केंद्रीय नेताओं की गिरफ्तारी और नजरबंदी के खिलाफ रुड़की में पार्टी कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। उक्रांद जिला इकाई ने शनिवार को शहीद भगत सिंह मूर्ति चौक पर एकत्रित होकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान उक्रांद जिलाध्यक्ष दीपक लाखवान ने सरकार की कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने जा रहे केंद्रीय नेताओं काशी सिंह ऐरी, पुष्पेश त्रिपाठी और युवा प्रदेश अध्यक्ष आशीष नेगी को गिरफ्तार करना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। सरकार जनता की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। वरिष्ठ नेता एडवोकेट महक सिंह सैनी और शिवकुमार सैनी ने भी सरकार के खिलाफ बोला। कहा कि भाजपा सरकार को अपना तानाशाही पूर्ण रवैया छोड़ देना चाहिए। उत्तराखंड की जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए तुरंत गैरसैंण को राज्य की स्थाई राजधानी घोषित किया जाना चाहिए। विरोध सभा में जिला महामंत्री आनंद राज पनियाला, महानगर अध्यक्ष दिनेश धीमान एडवोकेट, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा और युवा जिलाध्यक्ष चौ. सिकंदर सिंह एडवोकेट ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक उनके नेताओं को रिहा नहीं किया जाता और राजधानी के मुद्दे पर ठोस निर्णय नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान विमल शर्मा, सतेन्द्र शर्मा, अंकित राणा, राकेश चौहान एडवोकेट, नरेंद्र रावत, सुरेश कुकरेती, शंकर पटवाल, जगदीश नेगी, अमर सिंह चौहान, पियूष राणा, हैप्पी राणा, आर्यन जैन, भोपाल और मांगेराम आदि मौजूद रहे।

## शुगर मिल ने बंदी का दूसरा नोटिस जारी

रुड़की(संवाददाता)। लक्सर शुगर मिल ने पेराई सत्र की बंदी को लेकर शुक्रवार को दूसरा नोटिस जारी कर दिया है। पिछले कई दिनों से मिल में गन्ने की कमी बनी हुई है, जिसके चलते पेराई प्रभावित हो रही थी। मिल गेट सहित सभी गन्ना क्रय केंद्रों को भी तौल के लिए फ्री कर दिया गया था। पेराई सत्र की बंदी से पहले शुगर मिल की ओर से तीन नोटिस जारी किए जाते हैं। तीसरे नोटिस के बाद मिल बंद कर दी जाती है। इससे पहले 8 मार्च को मिल प्रबंधन ने पहला नोटिस जारी किया था। मिल के प्रधान प्रबंधक यूनिट एसपी सिंह ने बताया कि पेराई के अनुरूप गन्ने की आपूर्ति नहीं हो रही थी, जिससे फैक्ट्री को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## विजिलेंस की छापेमारी में 32 घरों में बिजली चोरी पकड़ी

रुड़की(संवाददाता)। बिजली चोरी रोकने के लिए ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम ने शनिवार को कलियर क्षेत्र के बेडपुर और माधोपुर गांव में चेकिंग अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान 32 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। टीम की कार्रवाई से दोनों गांवों में हड़कंप मच गया। ऊर्जा निगम को इन गांवों में बड़े स्तर पर बिजली चोरी होने की लगातार शिकायत मिल रही थी। कई बार चेकिंग की योजना बनी, लेकिन पुलिस बल नहीं मिलने के कारण अभियान पूरा नहीं हो पा रहा था। शनिवार को विजिलेंस टीम ने स्थानीय अधिकारियों और पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त छापेमारी की। सबसे पहले टीम बेडपुर गांव पहुंची। यहां कई घरों में बिजली चोरी के लिए अलग-अलग तरीके अपनाए गए थे। कहीं कटिया को उबले के नीचे दबाकर रखा गया था तो कहीं तारों पर ड्रम आदि लगाकर छिपाने की कोशिश की गई थी। कई स्थानों पर घरों के पीछे झाड़ियों के बीच से भी कटिया डालकर बिजली ली जा रही थी।

## चारधाम यात्रा को लेकर परिवहन विभाग की तैयारियां शुरू

रुड़की(संवाददाता)। चारधाम यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए परिवहन विभाग ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पहले से ही योजना तैयार की जा रही है। देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड पहुंचते हैं। आगामी दिनों में शुरू होने वाली यात्रा को देखते हुए प्रदेश में आने वाले श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग के अधिकारी मंथन कर रहे हैं। चारधाम यात्रा के लिए अधिकतर श्रद्धालु दिल्ली की ओर से ही उत्तराखंड में प्रवेश करते हैं। गत वर्ष नारसन बॉर्डर हाईवे पर दिल्ली से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ग्रीन कार्ड सेंटर बनाया गया था। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आरामदायक ठहराव भवन, पेयजल, शौचालय और हेल्थ चेकअप जैसी व्यवस्थाएं की गई थीं। इस बार व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए परिवहन विभाग के अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। आरटीओ देहरादून संदीप सैनी भी टीम के साथ पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री आवास में लोकपर्व फूलदेई मनाया गया

### - मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को फूलदेई की शुभकामनाएं दीं

देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार लोकपर्व फूलदेई मनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को फूलदेई की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री आवास में लोकपर्व फूलदेई, हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पारंपरिक परिधान पहनकर आए बच्चों ने घर की देहरी पर फूल व चावल अर्पित किए और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। बच्चों ने ष्फूल देई-छम्मा देई, जतुके दियाला- उतुके सईष जैसे लोकगीत गाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकपर्व फूलदेई राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान के भाव को बनाए रखने का त्योहार है। उन्होंने कहा यह त्योहार बसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति की सुंदरता और जीवन में नई ऊर्जा का संदेश देता है। यह त्योहार दर्शाता है कि जीवन में हमेशा प्रकृति का आभार व्यक्त करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड की लोक संस्कृति और लोकपर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा हमने अपने लोक त्योहारों को धूमधाम से मनाना चाहिए जिससे कि यह त्यौहार आने वाली पीढ़ी तक पहुंचे और हमारी लोक संस्कृति हमेशा अमर रहे। मुख्यमंत्री ने कहा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, बसंत के स्वागत और हमारी लोकसंस्कृति के संरक्षण का संदेश देने वाला फूलदेई पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने और आने वाली पीढ़ियों को इन अमूल्य परंपराओं से परिचित कराने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर गीता पुष्कर धामी भी मौजूद रहीं।



## टीबी को मात देने वाली पांच महिलाओं को मिलीं सिलाई मशीनें

देहरादून(संवाददाता)। टीबी एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड की ओर से दून मेडिकल कॉलेज में क्षय रोग जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बीमारी को हराकर स्वस्थ हुए मरीजों को आत्मनिर्भर बनाने और वर्तमान मरीजों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए गए। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी भूषण के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पांच ऐसे मरीजों को सिलाई मशीनें भेंट की गईं, जो पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। इसके अलावा 10 क्षय रोगियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सुरक्षा कवच प्रदान करते हुए टीका लगाया गया।

## मातृशक्ति सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व संस्थाओं को किया सम्मानित

देहरादून(संवाददाता)। राधाकृष्ण मंदिर सभागार में गूंज संस्था के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व संस्थाओं को सम्मानित किया गया।शनिवार को मातृशक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत, पूर्व विधायक जोत सिंह ने मसूरी की धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को नारी का सम्मान समाज का अभिमान के तहत गुलदस्ता, शाल व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम आयोजक गूंज संस्था की अध्यक्ष डा. सोनिया आनंद रावत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। झुमैलो ग्रुप ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। मीना आर्य ने गढ़वाली गीत गाकर सभी को झूमने पर मजबूर किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आयी कीर्तन मंडलियों, फुटबाल में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली तीन छात्राओं, समाज सेवा के लिए योगिता गोयल, शुभंमंगलम संस्था सहित अनेक संस्थाओं को सामूहिक रूप से मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। पूर्व मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने कहा कि मसूरी में यह सम्मान बहुत सार्थक है कि मसूरी की इस पवित्र धरती पर जहां राज्य आंदोलन में दो महिलाओं ने शहादत दी। भारत सरकार को राज्य देना पड़ा। झारखंड, छत्तीसगढ़ लंबे समय से संघर्षरत रहा लेकिन उत्तराखंड में कम समय के संघर्ष से राज्य मिला। हंसा धनाई की बहू को भी सम्मानित किया। डा. सोनिया आनंद रावत ने कहा कि पूरी मसूरी से महिलाएं आईं व करीब बीस कीर्तन मंडलियों सहित अन्य का सम्मान किया।

# वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में यूकेडी का प्रदर्शन

देहरादून(संवाददाता)। उत्तराखण्ड क्रांति दल के वरिष्ठ नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष और जनआंदोलनों को दबाने के लिए दमनात्मक नीति अपना रही है।शनिवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुकरेती के आह्वान पर महानगर देहरादून इकाई ने द्रोण चौक में भाजपा सरकार का पुतला दहन कर रोष व्यक्त किया।पार्टी नेताओं का आरोप है कि उक्रांद के वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी और पुष्पेश त्रिपाठी सहित अन्य कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी तथा युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशीष नेगी को नजरबंद किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। कार्यकर्ताओं ने इसे पूरी तरह अलोकतांत्रिक और जनभावनाओं के खिलाफ बताया। इस दौरान देहरादून महानगर अध्यक्ष प्रबीन रमोला ने कहा कि हमारे दल के वरिष्ठ नेताओं पर ये अंकुश लगाने की गैर लोकतांत्रिक कुचेष्ठा है। यह कार्रवाई प्रदेश की जनता की आवाज को दबाने का प्रयास है, जिसे उत्तराखंड क्रांति दल किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा। सरकार विपक्ष और जनआंदोलनों को दबाने के लिए दमनात्मक नीति अपना रही है, जो लोकतंत्र के लिए अत्यंत चिंताजनक है। पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष नेगी ने कहा कि सरकार राजधानी गैरसैंण की आवाज को दबाना चाह रही है, जिसे उक्रांद किसी भी हाल में होने नहीं देगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस प्रकार की अलोकतांत्रिक कार्रवाइयां बंद नहीं कीं तो पार्टी प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन छेड़ेगी। वहीं केंद्रीय महिला अध्यक्ष संतोष भंडारी ने कहा कि उत्तराखंड के स्वाभिमान, लोकतांत्रिक अधिकारों और जनता की आवाज की रक्षा के लिए उत्तराखण्ड क्रांति दल का संघर्ष लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर केंद्रीय महामंत्री मीनाक्षी घिल्डियाल, संगीता बहुगुणा, महानगर महामंत्री राजीव नौटियाल, निशिथ मनराल, गजेंद्र नेगी, संदीप असवाल, भोला चमोली, रुचि उनियाल, कपिल कुमार, संतोष नौटियाल, सौरभ सेमवाल, अनूप बिष्ट, उत्तरापंत बहुगुणा, नैना लखेड़ा, गिरीश कोठारी, आनंद कोठारी, आनंद ध्यानी, राम कुमार, रश्मि श्रेष्ठा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# ध्यान साधना और योग अभ्यास से मानसिक शांति प्राप्त करना सीखा

ऋषिकेश(संवाददाता)। परमार्थ निकेतन आश्रम शनिवार को योग, साधना और मंत्रों से गूंज उठा। अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव-2026 के छठे दिन साधकों ने ध्यान साधना और योग अभ्यास के माध्यम से मानसिक शांति का अनुभव किया। महोत्सव में 80 देशों के करीब 1500 से अधिक साधकों ने सामूहिक ध्यान और मंत्रोच्चार में भाग लिया।



सुबह के सत्र में योगाचार्य दासा दास ने साधकों को ध्यान साधना का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि ध्यान मन की एकाग्रता, आंतरिक शांति और आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करने का प्रभावी माध्यम है। नियमित ध्यान से तनाव कम होता है, सोचने की क्षमता बढ़ती है और भावनात्मक संतुलन बना रहता है। ध्यान के दौरान स्थिर आसन, गहरी श्वास और मन को वर्तमान में केंद्रित करने का अभ्यास कराया गया। इसके बाद आयोजित विभिन्न सत्रों में देश-विदेश के 35 से अधिक योगाचार्यों ने योग की अलग-अलग विधाओं का अभ्यास कराया। योगाचार्य दुर्गेश अमोली ने हठ योग, डॉ. ईडन गोल्डमैन ने चिकित्सा विन्यास थेरेप्यूटिक फ्लो मास्टर क्लास, योगाचार्य हर हरि सिंह ने कुंडलिनी योग, जाह्नवी क्लेयर मिसिंघम ने विन्यास प्रैक्टिस और शिवा रे ने प्राण विन्यास का अभ्यास कराया। इसके अलावा सेंसेई संदीप देसाई ने चीगोंग, योगाचार्य सुधांशु शर्मा ने सूर्योदय मंत्रोच्चार, केटी बी हैप्पी ने फोर्थ चक्र बैलेंसिंग विन्यास, योगाचार्य मयंक भट्ट ने दंड साधना, साध्वी आभा सरस्वती ने योग निद्रा और किआ मिलर ने कुंडलिनी एनर्जी एक्टिवेशन का अभ्यास कराया। मौके पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, डॉ. साध्वी भगवती सरस्वती, अनंद्रा जॉर्ज, साइमन ग्लोडे, योगाचार्य गायत्री, योगाचार्य मोहन भंडारी, अमेरिका के योगाचार्य टॉमी रोसेन सहित कई योगाचार्य और साधक मौजूद रहे। महोत्सव के माध्यम से प्रतिभागियों को योग, ध्यान और आध्यात्मिक साधना के विभिन्न आयामों से परिचित कराया जा रहा है।

## लोकपर्व फूलदेई पर घरों के दहलीज पर बिखेरे फूल

ऋषिकेश(संवाददाता)। उत्तराखंड की अनोखी लोक परंपरा का प्रतीक फूलदेई पर्व शनिवार को तीर्थनगरी सहित यहां से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। जिसमें नन्हे-मुन्नें बच्चों ने हाथों में छोटी-छोटी टोकरियां थामे घर-घर जाकर आंगन में फूल बिखेरे। साथ ही प्रकृति से सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। शनिवार को ऋषिकेश के हरिपुर कलां, रायवाला, श्यामपुर, छिद्दरवाला, गुमानीवाला, बापू ग्राम, ढालवाला, मुनिकीरेती आदि विभिन्न क्षेत्र में बच्चों ने तड़के उठते ही घरों की दहलीज पर रंग बिरंगे फूल डालकर सुख शांति की प्रार्थना की। लोगों ने उन्हें उपहार स्वरूप दाल-चावल और घोघा देवता की पूजा के लिए भेंट की। बच्चों ने परंपराओं में रचे गीत फूलदेई.., छम्मा देई.., देनी द्वार भर भकार.., ये देहली ते बारम्बार नमस्कार.. गाते हुए घरों की संमृद्धि और खुशहाली की कामना की। अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजे सिंह नेगी ने बताया कि प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में चौत्र मास में मनाया जाने वाला फूलदेई पर्व प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। फूलदेई संक्रांति ऐसा उत्सव है, जिसमें बच्चे फ्योंली, बुरांश, आडू, खुमानी अन्य के फूलों को छोटी-छोटी रिंगाल की टोकरी में एक दिन पहले चुन कर लाते हैं। फूल संक्रांति के दिन बच्चे घर-घर घूमकर इसे आंगन में बिखेरते हैं। फूल की तरह मुस्कराते बच्चे फूल बिखेरते समय गीत भी गाते हैं। हर घर की महिलाएं बच्चों को अपने-अपने घरों से सौगात भी देती है। इसमें चावल, गुड़ और रुपये शामिल होते हैं। कहा कि फूलदेई संक्रांति हमारी परंपरा से जुड़ा त्योहार है। हमे अपनी संस्कृति,सभ्यता और विरासत को सहेजने की जरूरत है। उन्होंने सभी लोगों से अपने लोक त्यौहार और परंपराओं का निर्वहन करने की अपील की।

## आटा वापस करने के फेर में गवाए 70 हजार

ऋषिकेश(संवाददाता)। महिला ने एक ऑनलाइन शॉपिंग साइट से आटा ऑर्डर किया। इसे वापस करने के लिए ऑनलाइन सर्चिंग में हेल्पलाइन नंबर निकाला, जिस पर कॉल करने के बाद अचानक बैंक खाते से रकम कटनी शुरू हुई। करीब 70 हजार रुपये खाते से एकाएक कट गए। पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक डोईवाला स्थित मियांवाला में बद्रीश विहार निवासी महिला तहरीर दी। बताया कि आठ मार्च को ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर आटा ऑर्डर किया था। इसके बाद वापस करने के लिए ऑनलाइन ही हेल्पलाइन नंबर निकालकर कॉल की, जिसके बाद महज घंटेभर में ही बैंक खाते से अचानक रकम कटनी शुरू हो गई। कुल 70 हजार 750 रुपये खाते से कट गए।

# बीसीए फाइनल और बीकॉम सेकंड ईयर बनी क्रिकेट चौंपियन

ऋषिकेश(संवाददाता)। ओमकारानंद इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। बालक वर्ग में बीसीए फाइनल ईयर और बालिका में बीकॉम सेकंड ईयर ने फाइनल मुकाबला जीता। शनिवार को मुनिकीरेती स्थित ओआईएमटी संस्थान में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन फाइनल मुकाबला खेला गया। बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला बीकॉम फाइनल ईयर और बीसीए सेकंड ईयर के बीच खेला गया। बीसीए फाइनल ईयर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 145 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए बीकॉम सेकंड ईयर की टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी और बीसीए फाइनल ईयर ने यह मुकाबला 4 रनों से जीत लिया।बालिका वर्ग का फाइनल बीकॉम ऑनर्स सेकंड ईयर और बीकॉम सेकंड ईयर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीकॉम ऑनर्स टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 39 रन बनाए। जवाब में बीकॉम सेकंड ईयर की टीम ने इस लक्ष्य को मात्र 5 ओवरों में हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। बॉयज वर्ग में बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार आदित्य रयाल को दिया गया, जबकि गर्ल्स वर्ग में तृप्ति को बेस्ट प्लेयर चुना गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रबंधन समिति के सचिव मुनेश अग्निहोत्री एवं कोषाध्यक्ष प्रदीप वैद्य ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर संस्थान निदेशक डॉ. विकास गैरोला, क्रीड़ा अध्यक्ष सनील रावत, डॉ संतोष डबराल, नवीन दिवेदी, प्रमोद उनियाल, राणा कोटी, मुकेश रणाकोटी, अजीत नेगी, डॉ गंगोत्री रावत, डॉ. आम्रपाली, डॉ. राजेश मनचंदा, अभिषेक कालरा आदि उपस्थित रहे।

## शहर में स्लो ट्रैफिक ने बढ़ाई मुश्किल

ऋषिकेश(संवाददाता)। शहर में शनिवार मुख्य व बाइपास मार्ग पर पर्यटक वाहनों का दबाव अचानक बढ़ गया, जिससे स्लो ट्रैफिक की समस्या पैदा हो गई। सुबह से लेकर शाम तक दोनों ही मार्ग पर वाहन रेंग-रेंगकर गुजरते हुए नजर आए। इससे स्थानीय लोगों को भी आवागमन में फजीहत झेलनी पड़ी। शनिवार सुबह करीब 11 बजे अचानक मुख्य मार्ग पर जयराम चौक से लेकर चंद्रभागा तिराहे तक वाहनों की भीड़ बढ़ गई। संकरी सड़क पर पैदल, सवारी के साथ ही पर्यटक वाहनों की अत्याधिक भीड़ से ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई। स्लो ट्रैफिक में महज पांच मिनट का रास्ता वाहन सवारों को 20 से 25 मिनट में पार करना पड़ा। वहीं, हरिद्वार बाईपास मार्ग स्थित इंद्रमणि बडोनी और गौरा देवी चौक पर भी कभी वाहनों के पहिए जाम, तो कभी स्लो ट्रैफिक की समस्या बढ़ी रही। पर्यटक वाहनों की मुनिकीरेती ओर दौड़ की वजह से यह हालात बने।मुख्य और बाईपास मार्ग के चौक-चौराहों पर पुलिसकर्मी भी तैनात दिखे, लेकिन वाहनों के अचानक बढ़े दबाव के बीच संकरी सड़कों पर वह भी यातायात को सुचारू रखने में बेबस नजर आए। वहीं, श्यामपुर में भी रेलवे फाटक से लेकर पुलिस चौकी तक हाईवे के पैच पर जाम की स्थिति बनी नजर आई। यहां भी स्थानीय लोगों को ट्रैफिक के दबाव में आवागमन में परेशानियों से जूझना पड़ा। यातायात निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि शनिवार और रविवार को पर्यटक वाहनों का दबाव बढ़ जाता है, जिसके चलते इस तरह की दिक्कत होती है। बावजूद, पुलिस यातायात को नियंत्रित रखने के लिए पूरे प्रयास कर रही है।

## योगी की मां पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर हो कार्यवाही

ऋषिकेश(संवाददाता)। बिहार के मौलाना द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता पर दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर यूपी के दायित्वधारी स्वामी रसिक महाराज ने रोष जताया है। उन्होंने एसएसपी देहरादून को तहरीर देकर मामले में मौलाना के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शनिवार को ऋषिकेश निवासी यूपी सरकार के दायित्वधारी और नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने एसएसपी आफिस देहरादून में लिखित तहरीर दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में आयोजित एक धार्मिक जलसे में मौलाना अब्दुल्ला सालिम नामक व्यक्ति ने रमजान के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के संबंध में आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता का किसी भी प्रकार की राजनीति से कोई संबंध नहीं है और वह एक सम्मानित उत्तराखंड की बुजुर्ग महिला हैं। ऐसे में सार्वजनिक मंच से उनके बारे में अपमानजनक टिप्पणी करना निंदनीय है। ऐसे बयान से समाज में अनावश्यक तनाव और वैमनस्य फैल सकता है। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ तत्काल संज्ञान लेने और उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

## शराब माफियाओं पर कार्यवाही करे पुलिस

ऋषिकेश(संवाददाता)। ऋषिकेश में शराब माफियाओं के बढ़ते आतंक को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई है। उन्होंने ऋषिकेश सीओ से मुलाकात कर पार्षद पति पर हमले के आरोपी शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। शनिवार को भाजपा कार्यकर्ता सीओ नीरज सेमवाल से मिले। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी ने कहा कि चार दिन पूर्व चंद्रेश्वर नगर में शराब माफियाओं ने पार्षद पति चंद्रेश्वर यादव पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था, जिसमें एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया, लेकिन अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश के कई क्षेत्रों में प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से शराब बेच रहे माफियाओं के हौसले बुलंद है, जब भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि या समाजसेवी नशे के खिलाफ आवाज उठाता है तो उनपर हमला कर दिया जाता है। कहा कि इन शराब माफियाओं के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

## मां जानकी मंदिर के भूमि पूजन में शामिल होंगी सीता सखी

ऋषिकेश(संवाददाता)। रामायण रिसर्च काउंसिल उत्तराखंड की बैठक में वक्ताओं ने क्षेत्र की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में सीता सखी के तौर पर संगठन से जुड़ने का आह्वान किया। यह सीता सखी 25 अप्रैल को बिहार के सीतामढ़ी में बनने वाले मां जानकी मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगी। शनिवार को रायवाला स्थित ड्रीम वेडिंग प्वॉइंट में रामायण रिसर्च काउंसिल उत्तराखंड प्रदेश की बैठक हुई। उत्तराखंड प्रदेश संयोजक और पूर्व मेयर अनिता ममगाई ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में सीता सखी के तौर पर महिलाएं संगठन से जुड़ें। उन्होंने कहा कि आगामी 25 अप्रैल को बिहार के सीतामढ़ी पुनौरा धाम में मां जानकी के मंदिर का निर्माण होना है। इसके लिए भूमि पूजन कार्यक्रम होना है। उत्तराखंड से भी काफी संख्या महिलाएं, पुरुष सीता सखी के तौर पर वहां पधारेंगी। रामायण रिसर्च समिति के प्रयासों से यह मंदिर का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमें माता जानकी का अनुसरण करना चाहिए।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# महिला ने पुल से नीचे कूदकर अपनी जान देने की कोशिश की



हल्द्वानी (संवाददाता)। / गौलापुल पर एक महिला आत्महत्या की कोशिश कर रही थी। पत्रकार भूपेश कन्नौजिया की सतर्कता और राहगीरों की मदद से टली बड़ी अनहोनी। जानिए क्या है पूरा मामला। हल्द्वानी। गौलापार स्थित गौलापुल पर शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला ने पुल से नीचे कूदकर अपनी जान देने की कोशिश की। इस दौरान वहां से गुजर रहे पत्रकार भूपेश कन्नौजिया की सतर्कता से एक बड़ी अनहोनी टल गई। जानकारी के अनुसार, भूपेश पंतनगर किसान मेले से वापस लौट रहे थे, तभी उन्होंने पुल पर 11-12 वर्षीय एक मासूम बच्ची को जोर-जोर से रोते और अपनी मां को रोकते हुए देखा।दृश्य बेहद डरावना था, महिला पुल के घेरे से आधी बाहर लटक चुकी थी। पत्रकार भूपेश कन्नौजिया ने बिना एक पल गंवाए अपनी स्कूटी रोकी और दौड़कर महिला को मजबूती से पकड़ लिया। उन्होंने तुरंत शोर मचाकर आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाया। उसी समय जुमे की नमाज अदा कर लौट रहे कुछ मुस्लिम युवक और अन्य राहगीर भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर महिला को सुरक्षित पुल के ऊपर खींच लिया महिला को सुरक्षित बचाने के तुरंत बाद भूपेश ने 100 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस महज एक मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीम महिला और उसकी रोती हुई बच्ची को सुरक्षित तरीके से वनभूलपुरा थाने ले गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, महिला हल्द्वानी के राजपुरा क्षेत्र की निवासी बताई जा रही है। पुलिस अब महिला से पूछताछ कर रही है ताकि आत्मघाती कदम उठाने के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। स्थानीय निवासियों और मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने पत्रकार भूपेश कन्नौजिया के साहस और तत्परता की जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि अगर भूपेश सही समय पर नहीं रुकते और हिम्मत नहीं दिखाते, तो बच्ची की आंखों के सामने एक बड़ा हादसा हो सकता था।

## अलविदा जुमा के मौके पर हल्द्वानी शहर का माहौल पूरी तरह इबादत में सराबोर नजर आया

हल्द्वानी (संवाददाता)। रूहानियत और इबादत के मुकद्दस महीने रमजान में आज आखरी जुमे यानी अलविदा जुमा के मौके पर हल्द्वानी शहर का माहौल पूरी तरह इबादत में सराबोर नजर आया। मुख्य बाजार स्थित जामा मस्जिद समेत शहर की तमाम मस्जिदों में अकीदतमंदों ने बड़ी तादाद में पहुंचकर अलविदा जुमे की नमाज पूरे अदब और अकीदत के साथ अदा



की।नमाज के दौरान मस्जिदों में खासा रौनक का माहौल रहा और हजारों रोजेदारों ने अल्लाह की बारगाह में सज्दा कर मुल्क में अमन-ओ-चैन, तरक्ख्की और भाईचारे की दुआएं मांगी। रमजान के इस मुकध्द्स मौके पर लोगों ने इंसानियत, मोहब्बत और आपसी सौहार्द का पैगाम भी दिया।मुख्य बाजार स्थित जामा मस्जिद में नमाज के लिए अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी। भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर रहा।अलविदा जुमे की नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और दुआ की कि यह मुकध्द्स महीना अगले साल फिर से सबके लिए रहमत और बरकत लेकर आए।

## दो महिला ब्लागरों के बीच इंटरनेट मीडिया पर चली रोस्टिंग से चल रहे विवाद अब मारपीट तक पहुंच गया

हल्द्वानी (संवाददाता)। शहर की दो महिला ब्लागरों के बीच इंटरनेट मीडिया पर चली रोस्टिंग से चल रहे विवाद अब मारपीट तक पहुंच गया है। हल्द्वानी की ब्लागर ज्योति अधिकारी पर चौपाटी में जाकर ब्लॉगर सुनीता भट्ट के साथ मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज हो गया है। काठगोदाम थाना क्षेत्र में एक महिला ब्लागर सुनीता भट्ट ने ज्योति अधिकारी उसके पति और उसके साथियों पर चौपाटी पर पहुंचकर मारपीट करने, फूड स्टाल का सामान तोड़ने और धमकी देने का आरोप लगाया हैजोशी कालोनी छोटी मुखानी निवासी सुनीता भट्ट (34) ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह इंटरनेट मीडिया पर ब्लागिंग करती हैं और चौपाटी के पास वुडपेकर के निकट उनका छोटा व्यापार भी है। आरोप है कि 11 मार्च को महिला ब्लागर ज्योति अधिकारी ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब के माध्यम से उन्हें शाम को उसके फूड स्टाल पर आकर मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि इसके बाद कई लोगों से फोन कराकर उन्हें मारने, बदनाम करने और उनकी सात साल की बेटी को उठाने की धमकी भी दिलवाई गई।आरोप है कि उसी दिन शाम करीब 6:30 बजे ज्योति अधिकारी अपने पति गोपाल अधिकारी, कमल जोशी और अन्य लोगों के साथ उनके कार्यस्थल पर पहुंची और उनके साथ मारपीट की। इस दौरान फूड स्टाल का सामान भी तोड़ दिया गया और सार्वजनिक रूप से फाड़ने चीरने की धमकी की गई, जिससे उन्हें सामाजिक और आर्थिक नुकसान हुआ।महिला का आरोप है कि संबंधितब्लागर के खिलाफ पहले से भी विभिन्न जिलों में कई मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने पुलिस से अपनी और अपनी बेटी की सुरक्षा के साथ आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में काठगोदाम थाना अध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरू के आधार पर ज्योति पर प्राथमिक दर्ज कर दी गई है

# थाना मुखानी पुलिस को बड़ी सफलता मिली

हल्द्वानी (संवाददाता)। जनपद नैनीताल में चोरी की घटनाओं पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मुखानी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब 100ख्150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर करीब 13 लाख रुपये के सोने के जेवरात और नगदी बरामद कर ली है।पूरे अभियान का संचालन मंजुनाथ टीसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद नैनीताल के निर्देशन में किया गया। पुलिस की सक्रियता और तकनीकी जांच के चलते कुछ ही दिनों में चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर दिया गया।घर खाली देख चोर ने बनाया निशानाजानकारी के अनुसार आदर्श कॉलोनी गौड़धड़ा विठोरिया नंबर-1 निवासी हेमचंद्र लोहनी 2 मार्च से 5 मार्च 2026 तक अपने पैतृक गांव थापला ताकुला, जिला अल्मोड़ा गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने उनके घर का ताला तोड़कर घर में रखे सोने के जेवरात और नगदी





पर हाथ साफ कर दिया।घर लौटने पर चोरी का पता चलने पर उन्होंने थाना मुखानी में शिकायत दर्ज कराई। इस आधार पर थ्न्त संख्या 23/26 धारा 305( )/331(4) ठछै के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।100150 ब्ब्ज्ट कैमरों की जांच से मिला सुराग घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी मंजुनाथ टीसी ने तत्काल खुलासे के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी हल्द्वानी मनोज कत्याल के मार्गदर्शन में पुलिस टीम गठित की गई।क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पांडेय के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके के आसपास लगे करीब 100 से 150 ब्ब्ज्ट कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही मैनुअल इंटेलिजेंस और तकनीकी सर्विलांस के जरिए संदिग्ध की पहचान की गई।घेराबंदी कर किया गिरफ्तार13 मार्च को पुलिस टीम को हल्दीखाल जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया।

# दुकान पर ग्राहक पर कैंची से हमला करने का मामला सामने आया

हल्द्वानी (संवाददाता)। शहर के बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में कपड़े की दुकान पर ग्राहक पर कैंची से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार नई बस्ती आस्ताना मस्जिद निवासी अनस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 फरवरी की रात वह कपड़े खरीदने के लिए मोहल्ले में ही स्थित जावेद की दुकान पर गया था। इस दौरान पुराने लेनदेन को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया।आरोप है कि इसी बीच जावेद का भाई मुस्तफा और उसकी बहन भी मौके पर पहुंच गए और तीनों ने मिलकर अनस के साथ मारपीट शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान जावेद ने दुकान में रखी कैंची से अनस की छाती पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।शोर सुनकर अनस की पत्नी शन्नो भी मौके पर पहुंच गई। घायल अनस को तुरंत बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया। उपचार के दौरान उसके चार टांके लगाए गए और हालत गंभीर होने के कारण उसे पांच दिन तक आईसीयू में भर्ती रखा गया।बनभूलपुरा थानाध्यक्ष दिनेश फर्त्याल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है

## उत्तराखंड क्रांति दल की एक बैठक आयोजित

हल्द्वानी (संवाददाता)। में जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान तथा युवा जिलाध्य हरीश मेवाड़ी जी की अध्यक्षता में उत्तराखंड क्रांति दल की एक बैठक आयोजित की गई और



साथ ही उत्तराखंड भाजपा सरकार का पुतला दहन यूकेडी के शीर्ष नेताओं कि गिरफ्तारी के विरोध में किया गया। तथा सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार को ज्ञापन भी दिया गया, पुतला दहन का कार्यक्रम तिकोनिया बुद्ध पार्क हल्द्वानी में किया गया इस अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, पार्षद रवि वाल्मीकि जिला महामंत्री उत्तम सिंह बिष्ट, श्याम सिंह नेगी,एडवोकेट मोहन कोमल मोहन सिंह नेगी हरीश मेवाड़ी जिला अध्यक्ष युवा गोविंद सिंह काशियल हरीश मेवाड़ी हीरा सिंह बिष्ट रवि कन्याल मोहम्मद फुरकान विनय शर्मा प्रवीण जोशी करण मेहता राजीव लोचन विनोद बोरा दीवान सिंह मेवाड़ी आनंद बोरा नीरज बिष्ट दीपक भारती अशोक बोरा आदि लोग उपस्थित रहे, सभी ने एक राय में शीर्ष नेताओं को रिहा करने की बात कही और उत्तराखंड की राजधानी स्थाई राजधानी की आरक्षण बनाने का संकल्प लिया

हिन्दी दैनिक जोखिम

# रामनगर में मुख्यमंत्री हुनर योजना को मिला नया जोश, एडवोकेट दानिश सिद्दीकी को बड़ी जिम्मेदारी

रामनगर (संवाददाता)। मुख्यमंत्री हुनर योजना के तहत अल्पसंख्यक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम द्वारा संचालित दरी बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन प्रक्रिया को लेकर 16 मार्च 2026 को रामनगर में चयन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 12:30 बजे के एन हुंडीवाला मोंटेसरी स्कूल घास मंडी रामनगर में जिला प्रबंधक उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न होगी। इस चयन समिति में समाजसेवी और युवा अधिवक्ता एडवोकेट दानिश सिद्दीकी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है जिसे क्षेत्र में युवाओं और अल्पसंख्यक समाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। दानिश सिद्दीकी को हाल ही में संगठन में जिला महामंत्री के पद से भी नवाजा गया है जिससे उनके सामाजिक और संगठनात्मक कद में और मजबूती आई है। स्थानीय स्तर पर उनकी सक्रियता और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर मुखर भूमिका को देखते हुए यह जिम्मेदारी अहम मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि इस बैठक में हुनर योजना के अंतर्गत दरी बुनाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पात्र प्रशिक्षार्थियों का चयन किया जाएगा जिससे क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार और कौशल विकास का अवसर मिल सकेगा। योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समाज के युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। एडवोकेट दानिश सिद्दीकी को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्र के विधायक दीवान सिंह बिष्ट व कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में मनीष अग्रवाल, जगमोहन सिंह बिष्ट, भागीरथ लाल चौधरी, ग्राम प्रधान इन्दर लाल, भूपेंद्र खाती, घनश्याम शर्मा, बलदेव रावत, दीपक राणा, मनमोहन बिष्ट और बिट्टू टम्टा सहित कई लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व और सक्रियता से हुनर योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद युवाओं तक पहुंचेगा।



## कृषि उत्पादन मंडी समिति सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा असम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया

रामनगर (संवाददाता)। कृषि उत्पादन मंडी समिति सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा असम के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के खाते में सम्मान राशि डालना, हर कमजोर किसान को आर्थिक उर्जा प्रदान करता हैं तथा किसान इस राशि से छोटी छोटी जरूरत को पुरा कर रहा हैं।भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह खाती ने कहा कि किसान देश की रीढ़ की हड्डी समान है, प्रधानमंत्री मोदी जानते हैं कि देश का किसान मजबूत होगा तो देश मजबूत बनेगा इसलिए किसानो के विकास के लिए सम्मान राशि वितरण की जाती हैं।भाजपा के वरिष्ठ व पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी ने कहा कि 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के खातों में सम्मान राशि का वितरण कर किसानों की आर्थिक सहायता की जो सराहनीय है।मंडी सचिव सहील अहमद ने कि कहा प्रधानमंत्री के सीधे प्रसारण कार्यक्रम में किसानों का जुड़ना ये साबित करता है कि भारत सरकार की नितियों से किसान में आत्म सम्मान बढ रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में 130 किसानों का जुड़ना बड़ी उपलब्धि है।इस अवसर पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी,भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, पीरुमदारा मंडल अध्यक्ष बल्देव रावत ,व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन कांडपाल, किसान आयोग के सदस्य संजय डोर्वी, अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर अध्यक्ष फईम कुरैशी ,पूर्व सभासद मोहम्मद आदिल,छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे,पूर्व सभासद जिक्रान कुरैशी आदि मौजूद रहें।



## तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यशाला का समापन

रामनगर (संवाददाता)। विकासखंड संसाधन केंद्र पीरुमदारा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल के तत्वाधान में तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यशाला का समापन प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल सुरेश चंद्र द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है। खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर हवलदार प्रसाद की अध्यक्षता एवं प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र जुयाल के संचालन में आयोजित इस विज्ञान संचेतना कार्यशाला में राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के 67 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं रुचि उत्पन्न करना है जिसमें भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान के विभिन्न संबोधो पर कार्य किया गया। इस दौरान कार्यशाला में डाइट भीमताल के वरिष्ठ प्रवक्ता ललित प्रसाद तिवारी, डॉ पूरन सिंह भूमला, राजेश जोशी, विमल थपलियाल, जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ नैनीताल मनोज तिवारी, संदर्भदाता डॉ विजेता बिष्ट, डॉ विजेता मनराल, रश्मि जोशी, कमलकांत पांडे, शिवओम अग्रवाल, रूपाली, राखी धनगर, कुमारी सारिका चौहान, गुमान सिंह राणा, जीत सिंह आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम में सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए।



## गैस की कीमतों में बढ़ोतरी एवं घरेलू एवं व्यवसायिक गैस की किल्लतों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

रामनगर (संवाददाता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में रामनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं नें गैस की कीमतों में बढ़ोतरी एवं घरेलू व व्यावसायिक गैस की किल्लतों के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय में एकत्र हुए जहा से पूर्व विधायक रणजीत रावत के नेतृत्व में कार्यालय से रानीखेत रोड तक प्रदर्शन करते हुए कहा कि सदन से नरेंद्र गायब, किचन से सिलेंडर गायब, गैस की बढ़ी हुई कीमतें वापस लो, नहीं चाहिए हमें अच्छे दिन, हमें लौटा दो हमारे पुराने दिन,तानाशाही सरकार नहीं चलेगी नारों के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रकट किया।इस दौरान रानीखेत रोड में रणजीत रावत नें विरोध स्वरुप देश के प्रधानमंत्री के गैस बनाने के फार्मूले का प्रयोग करते हुए गैस पाइप को नाले में डालकर चाय बनाने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा की आज देश बड़ी दुविधा में है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के इशारों पर नाच कर देश के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।केंद्र सरकार की नीति के चलते यह परेशानी लोगों को उठानी पड़ रही है।देश की अव्यवस्थाओं के हाल देश के पीएम के दबाव में आने के कारण हो रहे हैं।उन्होंने कहा की एप्सटिन फाइल को लेकर ट्रंप के दबाव में विदेश नीति को खराब करने का काम किया जा रहा है। साथ ही केंद्र सरकार की कमजोरी के कारण हमारी नीतियों में ट्रंप का हस्तक्षेप हो रहा है।आज अमेरिका तय कर रहा है कि हम कहां से तेल खरीदेंगे और कहां से नहीं।यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।देश के लोग महंगा तेल व गैस खरीदने को मजबूर हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 की बढ़ोतरी कर महिलाओं की रसोई का बजट बिगड़ने का काम किया है। जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़को पर उतरकर भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगी।



## तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यशाला का समापन

रामनगर (संवाददाता)। विकासखंड संसाधन केंद्र पीरुमदारा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल के तत्वाधान में तीन दिवसीय विज्ञान संचेतना कार्यशाला का समापन प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल सुरेश चंद्र द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है। खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर हवलदार प्रसाद की अध्यक्षता एवं प्रधानाध्यापक सुभाष चंद्र जुयाल के संचालन में आयोजित इस विज्ञान संचेतना कार्यशाला में राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय के 67 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं रुचि उत्पन्न करना है जिसमें भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान के विभिन्न संबोधो पर कार्य किया गया। इस दौरान कार्यशाला में डाइट भीमताल के वरिष्ठ प्रवक्ता ललित प्रसाद तिवारी, डॉ पूरन सिंह भूमला, राजेश जोशी, विमल थपलियाल, जिला अध्यक्ष शिक्षक संघ नैनीताल मनोज तिवारी, संदर्भदाता डॉ विजेता बिष्ट, डॉ विजेता मनराल, रश्मि जोशी, कमलकांत पांडे, शिवओम अग्रवाल, रूपाली, राखी धनगर, कुमारी सारिका चौहान, गुमान सिंह राणा, जीत सिंह आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम में सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए।



## मुकद्दस रमजान के मुबारक के महीने में रोजा अफ्तार का आयोजन किया

रामनगर (संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मुकद्दस रमजान के मुबारक के महीने में रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया। रोजा अफ्तार सब्जी मंडी समिति के परिसर में किया गया।रोजा अफ्तार में भाजपा नेताओं और मंडी के लोगों ने भागेदारी की।इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा,मंडी समिति सचिव सहील अहमद,भाजपा नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा फईम कुरैशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन काण्डपाल,छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे, आढ़ती अजीजुर्रहमान पूर्व सभासद जिकरान कुरैशी, पूर्व सभासद मोहम्मद आदिल,मोहसिन खान,मोहम्मद नईम आदि मौजूद रहें।



## रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 की नई रिलीज डेट आई सामने, एक बार फिर बुराई खत्म करने निकली शिवानी शिवाजी रॉय

मर्दानी 3 इस साल की मोस्ट अवेटिड फिल्मों में से एक हैं. फैंस इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे मगर अब ये इंतजार ज्यादा दिन का नहीं होने वाला है. रानी मुखर्जी एक बार फिर सुपरकॉप शिवानी शिवाजी रॉय बनकर वापसी कर रही हैं. रानी मुखर्जी को बड़े पर्दे पर देखना शानदार होगा.मेकर्स ने मर्दानी 3 की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है. इसके साथ ही फिल्म का नया पोस्टर भी रिलीज किया है.पोस्टर में रानी मुखर्जी भारत में लापता हुई लड़कियों को ढूंढती नजर आ रही हैं. उनका इस बार अंदाज बिल्कुल पहले की तरह ही है. बस इस बार एक्शन और ज्यादा नजर आएगा.यशराज फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करके जानकारी दी है कि फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा- वो तब तक नहीं रुकेगी, जब तक वह उन सभी को बचा नहीं लेती! रानी मुखर्जी निडर पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में मर्दानी 3 में वापस आ रही हैं. बचाव अभियान 30 जनवरी को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में शुरू होगा. बता दें मर्दानी 3 पहले सिनेमाघरों में 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी. मगर अब इस फिल्म को जल्दी रिलीज किया जा रहा है. फिल्म की रिलीज डेट पहले आने से फैंस बहुत एक्साइटेड हैं और पोस्टर देखकर ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं.यशराज ने जो पोस्टर शेयर किया है उस पर फैंस ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक ने लिखा-रानी इज बैक. वहीं दूसरे ने लिखा- फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. एक ने लिखा- फाइनली.मर्दानी 3 को अभिराज मीनावाला ने डायरेक्ट किया है और इसे प्रोड्यूस आदित्य चोपड़ा ने किया है. फिल्म को लेकर लोगों में काफी एक्साइटमेंट देखने को मिल रहा है.



## अवनीत कौर ने पार की बोल्डनेस की सारी हदें! ट्रांसपेरेंट ड्रेस में दिखाया कर्वी फिगर

चंद्र नंदिनी और अलादीन-नाम तो सुना होगा जैसे टीवी सीरियल्स से अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर अक्सर अपनी हॉट तस्वीरों और बोल्ड अदाओं से इंटरनेट का पारा हाई करती रहती हैं, लेकिन इस बार तो एक्ट्रेस ने ट्रांसपेरेंट ड्रेस में किलर अदाओं से बोल्डनेस की सारी हदें ही पार कर दी. अवनीत के सिजलिंग पोज और ग्लैमरस लुक देखकर फैंस की तो सांसे ही थम रही हैं.

अवनीत कौर उन गिनी-चुनी एक्ट्रेसेस में शामिल हैं, जो अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज से खूब सुर्खियां बटोरती हैं. स्टाइल और फैशन के मामले में उनकी चॉइस इतनी टॉप नॉच होती है कि, वह बड़ी-बड़ी मॉडल्स को भी टक्कर देती नजर आती हैं. उनके फैंस उनके हर नए लुक का बेसब्री से इंतजार करते हैं.

वहीं अब अवनीत ने इंस्टाग्राम पर अपी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर अच्छे-अच्छों के होश उड़ जाएंगे. दरअसल, इसमें एक्ट्रेस ट्रांसपेरेंट गाउन में सिजलिंग और हॉट लुक से जबरदस्त लाइमलाइट बटोर रही हैं.

वैसे तो अवनीत कौर का हर आउटफिट एक नया स्टाइल स्टेटमेंट बन जाता है और फैशन ट्रेंड सेट करता है, लेकिन इस बार उन्होंने अपनी लाजवाब खूबसूरती और स्टाइल से फैंस को अपना मुरीद बना लिया है.

लेटेस्ट फोटो में अवनीत ने सिल्वर कलर का एक बेहद खूबसूरत और ट्रांसपेरेंट ड्रेस कैरी किया है, जिसमें हैवी एंब्रॉयडरी की गई है, जो इस लुक को एक रॉयल और ग्रैंड फील दे रहा है. अवनीत के इस लुक को देखकर हर कोई उन पर लट्टू हुए जा रहा है.

अवनीत ने सिर्फ आउटफिट पर ही ध्यान नहीं दिया, बल्कि उनका



हेयर, मेकअप और ज्वेलरी बिल्कुल टॉप नॉच लग रहा है. उन्होंने शिमरी आई मेकअप और ग्लॉसी लिप्स के साथ हैवी मेकअप से अपना लुक कंप्लीट किया है. स्टेटमेंट इयरिंग्स और खुले बालों में वह बला की हसीन और आकर्षक लग रही हैं.

इस स्टाइलिश और रॉयल आउटफिट में अवनीत ने एक-दो नहीं, बल्कि अलग-अलग किलर पोड देते हुए कई तस्वीरें शेयर की हैं. इस पिक्चर्स में अवनीत बला की खूबसूरत लग रही हैं. वहीं पोज के साथ एक्ट्रेस ने खुलकर कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है.अवनीत कौर की लेटेस्ट तस्वीरों पर फैंस भी जमकर प्यार लुटा रहे हैं, हार्ट और फायर इमोजी के साथ-साथ कमेंट्स में तारीफों के पुल बांध रहे हैं. इसी कड़ी में एक यूजर ने तो एक्ट्रेस को नया नाम तक दे डाला. यूजर ने अवनीत के इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा, किलरकौर हॉटनेस ओवरलोडेड.

## ओ रोमियो का वायलेंस टीजर रिलीज, मासी-क्लासी लुक में शाहिद कपूर ने मचाया आतंक, दिखा खूंखार अंदाज

शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज की कमीने वाली जोड़ी एक बार फिर धमाल करने जा रही है. दोनों की जोड़ी की फिल्म ओ रोमियो अगले महीने रिलीज होने के लिए तैयार है. फिल्म से शाहिद कपूर का नया पोस्टर आया था और टीजर का भी इंतजार खत्म हो गया है. फिल्म ओ रोमियो के टीजर में शाहिद कपूर का अंदाज बिल्कुल अलग और हटके दिख रहा है. शाहिद कपूर के साथ-साथ फिल्म में कौन-कौन एक्टर नजर आएगा, टीजर में सबके चेहरे उनके धांसू रोल के साथ नजर आ गए हैं. चलिए देखते हैं आखिर कैसा है शाहिद कपूर की नई फिल्म ओ रोमियो का टीजर.1.35 मिनट का ओ रोमियो का टीजर मारदाड़ और मारकाट से भरा पड़ा है. साथ ही शाहिद कपूर का रोमियो वाला स्वैग देखने को मिल रहा है. खून से लथपथ शाहिद कपूर पहली बार इस तरह मासी और क्लासी रोल करने जा रहे हैं. हालांकि कमीने, हैदर और कबीर सिंह में भी उनका अलग अदांज दिखा था, लेकिन यह उससे हटके हैं. टीजर में लैला-मजनू वाले आशीष तिवारी का लुक सबसे इंप्रेसिव और अट्रैक्टिव है. आशीष के लुक पर ज्यादा काम किया हैं, उन्हें देखकर लगता है. नाना पाटेकर और फरीदा जलाल जैसे दिग्गज कलाकार के चेहरे भी टीजर में दिखे हैं. तमन्ना भाटिया और तृप्ति डिमरी के रोल इंटेंस नजर आ रहे हैं. टीजर में दोनों ही हसीनाएं साइलेंट मोड में दिखी हैं. दिशा पटानी और विक्रांत मैसी भी शानदार लुक में नजर आए हैं.फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं सिनेमा के मास्टर स्टोरीटेलर विशाल भारद्वाज, जिनके साथ शाहिद कपूर की जोड़ी पहले भी श्हैदरश् और श्कमीनेश् जैसी यादगार फिल्में दे चुकी है. फिल्म में शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में नजर आएंगी, जिनकी मौजूदगी कहानी को और दिलचस्प बनाने का वादा करती है.इस फिल्म को नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा है और इसे वैलेंटाइन वीक, यानी 13 फरवरी 2026 को रिलीज किया जाएगा. ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि श्ओ रोमियोश् सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि दर्शकों के लिए एक इंटेंस, अनप्रिडिक्टेबल और पैशनेट सिनेमैटिक जर्नी साबित होने वाली है.



## विजय सेतुपति ने प्रिया भवानी शंकर की फिल्म हॉटस्पॉट 2 का ट्रेलर किया रिलीज

अभिनेता विजय सेतुपति ने मंगलवार को निर्देशक विग्नेश कार्तिक की आगामी मनोरंजक फिल्म श्हॉटस्पॉट 2श् का ट्रेलर रिलीज किया, जिसे देखकर प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विजय सेतुपति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का ट्रेलर साझा करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि श्हॉटस्पॉट 2श् का ट्रेलर आज के दौर से जुड़ी कई सामाजिक और सांस्कृतिक बातों पर व्यंग्य करता है। हाल ही में जारी ट्रेलर से साफ होता है कि श्हॉटस्पॉटश् फ्रेंचाइजी की यह दूसरी किस्त भी पहली फिल्म की ही तर्ज पर हास्य और व्यंग्य से भरपूर होगी। ट्रेलर की शुरुआत एक मां और उसकी किशोर बेटी की बातचीत से होती है, जिसमें मां बेटी से उसके बॉयफ्रेंड की जाति के बारे में पूछती है। इस पर बेटी जवाब देती है, वे हमारे ही लोग हैं, क्या आप उन्हें देखकर नहीं पहचान सकतीं? मां जब हैरानी जताती है तो बेटी मजाकिया अंदाज में कहती है, उनकी पूंछ नहीं है, मतलब वे हमारी ही प्रजाति के हैं।ट्रेलर में अभिनेता अश्विन कुमार का एक दृश्य भी दिखाया गया है, जिसमें वह अपने नशे में धुत दोस्त पर नाराज होते हैं कि वह उनकी श्जरूरी बातश् के दौरान सो रहा है। जवाब में दोस्त कहता है, सॉरी मचान, जो कहानी मुझे पसंद नहीं आती, उसमें नींद आ ही जाती है। यह सीन कुछ साल पहले अश्विन कुमार से जुड़े एक विवाद की ओर भी इशारा करता है।ट्रेलर में यह भी दिखाया गया है कि रक्षन और आदित्य बास्कर फिल्मी सितारों के कट्टर प्रशंसकों की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, प्रिया भवानी शंकर की भूमिका को लेकर फिलहाल सस्पेंस बना हुआ है, हालांकि एक दृश्य में वह उम्रदराज हीरो के साथ युवा अभिनेत्री को कास्ट किए जाने के चलन पर टिप्पणी करती दिखती हैं।इसके अलावा, फिल्म में सशक्त महिला किरदार भी नजर आते हैं, जो डिंक (डबल इनकम, नो किड्स) फैमिली और कफिंग रिलेशनशिप जैसे आधुनिक विचारों पर खुलकर बात करती हैं।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# चारधाम यात्रा से पहले ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की तैयारी, गौचर-कर्णप्रयाग-चमोली में पार्किंग परियोजनाओं का निरीक्षण

**-मुख्यमंत्री के निर्देशों पर आवास विभाग सक्रिय, सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर परखी व्यवस्थाएं**



देहरादून(संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों पर चारधाम यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आवास विभाग के सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने जनपद चमोली के गौचर, कर्णप्रयाग और चमोली में निर्माणाधीन तथा प्रस्तावित पार्किंग परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और सभी परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्राथमिकता के अनुरूप चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।गौचर में पार्किंग निर्माण पूरा, संचालन जल्द: निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सचिव डॉ आर राजेश कुमार को बताया कि गौचर में पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस पार्किंग की वाहन क्षमता 27 वाहनों की है और इसका निर्माण उत्तराखंड पेयजल एवं निर्माण निगम द्वारा कराया गया है। सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस पार्किंग को जल्द से जल्द संचालन के लिए तैयार किया जाए ताकि स्थानीय लोगों और यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान ऐसे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पार्किंग स्थल यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।नंदा राजजात यात्रा से पहले कर्णप्रयाग पार्किंग पूरी करने के निर्देश: इसके बाद सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कर्णप्रयाग में निर्माणाधीन पार्किंग परियोजना का निरीक्षण किया। इस पार्किंग का निर्माण जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, चमोली द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने निर्माण कार्यों की गति तेज करने के निर्देश देते हुए कहा कि आगामी नंदा राजजात यात्रा से पहले इस पार्किंग का निर्माण हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और उस समय यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था बेहद जरूरी है।चमोली में दो नई पार्किंग से मिलेगी राहत: इसी क्रम में सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने चमोली में टैक्सी स्टैंड के समीप स्थित पार्किंग और खड्ड साइड स्थित पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि टैक्सी स्टैंड के पास बनने वाली पार्किंग की क्षमता 21 वाहनों की है, जबकि खड्ड साइड स्थित पार्किंग की क्षमता 82 वाहनों की होगी।

## संक्षिप्त समाचार...

### सतत स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों का महत्व बढ़ रहा

देहरादून(संवाददाता)। उत्तरांचल कॉलेज ऑफ हेल्थ साइंसेज की ओर से शनिवार को इंडियन सोसाइटी ऑफ रेडियोग्राफर्स एंड टेक्नोलॉजिस्ट्स उत्तराखंड चौप्टर के सहयोग से सतत स्वास्थ्य संबद्ध स्वास्थ्य में बुद्धिमान प्रौद्योगिकियां, चुनौतियां अवसर और नैतिकता विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत की गई। इसमें वक्ताओं ने सतत स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों के तेजी से बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन उत्तरांचल विश्वविद्यालय की उपाध्यक्ष अंकिता जोशी, मुख्य अतिथि अतिरिक्त आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन और उत्तराखंड राज्य औषधि नियंत्रक ताजवीर सिंह और विशिष्ट अतिथि व पेशेवर समिति सदस्य एनसीएएचपी, परिवार कल्याण मंत्रालय सरकार एससी बंसल ने किया। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. डॉ. धर्म बुद्धि, आईएसआरटी अध्यक्ष महेंद्र भंडारी, प्रो वाइस चांसलर डॉ. राजेश बहुगुणा और डॉ. कार्तिकेय गौर उपस्थित रहे। यूसीएचएस के निदेशक डॉ. कार्तिकेय गौर स्वागत भाषण में सतत स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों के बढ़ते महत्व और संबद्ध स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में बुद्धिमान प्रौद्योगिकियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, स्वास्थ्य पेशेवरों, छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान में उभरते रुझानों, तकनीकी प्रगति, स्वास्थ्य सेवा में स्थिरता और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों में नैतिक चुनौतियों पर सक्रिय रूप से चर्चा और ज्ञान साझा किया।

### रात में लाइन लगाने की जरूरत नहीं, अब घर पर आएगा गैस सिलेंडर

देहरादून(संवाददाता)। देहरादून में रसोई गैस की किल्लत पर तेल कंपनियों ने उपभोक्ताओं को पैनिक (घबराने) न होने की सलाह दी है। कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है और रात के समय एजेंसियों पर लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। उपभोक्ता अपनी गैस बुक करवाएं, सिलेंडर उनके घर पर ही आएगा। यदि मिस्ड कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से बुकिंग नहीं हो पा रही है, तो कंपनी के आधिकारिक मोबाइल ऐप से बुकिंग करें। जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम पहुंचे आईओसी के सहायक प्रबंधक राकेश सिंह ने बताया कि सामान्य दिनों में रोजाना 50 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति होती थी, जिसमें वर्तमान में 20 फीसदी की कमी आई है। उन्होंने कहा कि लोग घबराकर गैस का कोटा खत्म होने की आशंका में 'एडवांस बुकिंग' करवा रहे हैं, जिससे बैकलॉग बढ़ रहा है। प्रमुख सचिव खाद्य एल फैनई ने सभी डीएम और डीएसओ को गैस एजेंसियों और गोदामों की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कालाबाजारी, जमाखोरी और अवैध रिफिलिंग कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## धर्मेंद्र सिंह रावत बने उत्तरांचल प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

देहरादून(संवाददाता)। उत्तरांचल प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन देहरादून का जिला स्तरीय चुनाव शनिवार को संपन्न हुआ। इसमें जिलाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सिंह रावत निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया में जिले के 185 साधारण सभा डेलीगेट और अन्य सदस्य शिक्षक उपस्थित रहे। संगठन के मंत्री पद सहित कुल 20 पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि यह संगठन में आपसी एकता, विश्वास और सहयोग का प्रतीक है। निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से रुवाक पूरी मंत्री, योगेश गुप्ता कोषाध्यक्ष राकेश राणा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह नेगी, दामिनी, मंजीत सोलंकी, प्रीतम सिंह, चमन सिंह, रमेश शर्मा, बसंत डंडरियाल, सरिता देवी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह रावत ने सभी डेलीगेट्स और सदस्य शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन शिक्षकों के हितों, अधिकारों और शिक्षा की गुणवत्ता के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करता रहेगा। निर्वाचन की सफलता पर उपस्थित सभी सदस्यों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। निर्वाचन अधिकारी सुभाष रतूड़ी, चुनाव प्रवेक्षक गोविन्द वोहरा और प्रीतम बर्थवाल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कृषाली रहे। निर्वाचन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चम्पावत गोविन्द वोहरा, जिलाध्यक्ष टिहरी चद्रवीर नेगी, जिलाध्यक्ष अल्मोड़ा किशोर जोशी, मंत्री जगदीश जोशी आदि मौजूद रहे।

### एमपीजी कॉलेज सरदार बिल्ला हाउस स्टेट में सात पेड़ों पर चली थी आरियां

देहरादून(संवाददाता)। एमपीजी कॉलेज सरदार बिल्ला हाउस स्टेट में बांज के चार पेड़ों के साथ ही अन्य तीन पेड़ों के काटे जाने के मामले में वन विभाग ने जांचशुरू कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में पाया कि उक्त स्टेट में चार बांज के पेड़ों के साथ ही तीन अन्य पेड़ों को काटा गया । विभाग ने ठेकेदार के खिलाफ चालान की कार्यवाही की।

### पिथौरागढ़ की मुनस्यारी नगर पंचायत अध्यक्ष समेत कई नेता भाजपा में शामिल

देहरादून(संवाददाता)। मुनस्यारी नगर पंचायत-पिथौरागढ़ के अध्यक्ष राजेंद्र पांगती समेत कई जनप्रतिनिधियों ने शनिवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बलवीर रोड स्थित प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सांसद महेंद्र भट्ट ने सभी को फूल माला और पार्टी का पटका पहना कर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। भट्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का भाजपा से जुड़ना वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में धारचूला सीट में जीत का शुभ संकेत है। कहा कि प्रदेश में आम जनमानस में विश्वास स्थापित हो चुका है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में ही राज्य का विकास हो सकता है। इसी वजह से राजनीतिक, सामाजिक तमाम तरह के कार्यकर्ता, भाजपा के विचारों में विश्वास जताकर, विकासयात्रा में सहयोगी बनना चाहते हैं। भटट्ट ने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी केवल 1118 वोट से जीत से दूर रह गए थे।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com